सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

**परमाणु ऊर्जा विभाग**

**भारी पानी बोर्ड**

**विक्रम साराभाई भवन, 4थी मंजिल, अणुशक्तिनगर, मुंबई – 400094**

## <u>विज्ञापन संख्या : भापाबो/2/2015</u>

**<u>(ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख : 15.11.2015 को 1500 बजे तक)</u>**

> **"सरकार ऐसा मानवबल बनाने के लिए प्रयत्नशील है, जिसमें लैंगिक संतुलन परिलक्षित हो और महिलाएं अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए प्रेरित हों "**

भारी पानी बोर्ड एवं भारत के विभिन्न भागों में स्थित भारी पानी संयंत्रों / परमाणु ऊर्जा विभाग की विभिन्न यूनिटों में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

## वैज्ञानिक अधिकारी/सी (चिकित्सा-सामान्य औषधि) "ग्रुप ए, राजपत्रित"

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | 1 (अनारक्षित), भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना<br>2 (अनारक्षित) भापासं, तूतिकोरिन, तमिलनाडु में प्रत्याशित रिक्तियाँ<br>**(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है । चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है ।)** |
| <u>योग्यता</u> : एमबीबीएस + डी.आर.एम. या समकक्ष सहित स्नातकोत्तर डिप्लोमा **<u>या</u>** एक वर्ष अनुभव के साथ एमबीबीएस । | |
| <u>नोट</u> : | 1) अनिवार्य इन्टर्नशिप को अनुभव नहीं माना जाएगा ।<br>2) उन अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी, जिनके पास चिकित्सा अधिकारी के पंजीकरण के बाद किसी संस्था में कार्य करने का अनुभव होगा । **(एमबीबीएस + स्नातकोत्तर डिप्लोमा वाले अभयर्थियों के लिए लागू नहीं )** ।<br>3) एमबीबीएस अभ्यर्थी के मामले में, एक वर्ष का अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों को भर्ती के समय अतिरिक्त वेतन वृद्धि दिए जाने पर विचार किया जा सकता है । |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 30 वर्ष ।<br>इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की अवधि की छूट है । |
| वेतन बैंड | **₹ 15600-39100 + ग्रेड वेतन ₹ 5400 (पीबी-3) + नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता ।**<br>**(महंगाई भत्ता एवं एनपीए मिलाकर कुल परिलब्धियाँ ₹ 49,980/- प्रतिमाह होंगी । इसके अतिरिक्त तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ता भी देय होगा ।** |
| **चयन का तरीका** | स्क्रीनिंग/वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा । |

## <u>नर्स/ए</u> - "ग्रुप बी, अराजपत्रित"

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | **1** महिला नर्स (अनारक्षित), भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना<br>**2** पुरूष नर्स (अनारक्षित), भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना<br>**(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है।)** |
| <u>योग्यता</u> :<br>**<u>महिला नर्स</u>** : एचएससी/XII एवं नर्सिंग और मिड-वायफरी के डिप्लोमा (तीन वर्ष का पाठ्यक्रम) + "ए" ग्रेड नर्स के रूप में पंजीकरण या बी.एससी (नर्सिंग)।<br>**<u>पुरूष नर्स</u>** : किसी चिकित्सालय में 3 वर्ष के अनुभव के साथ नर्सिंग "ए" प्रमाणपत्र या सेना में नर्सिंग सहायक वर्ग ।।। या उससे उच्च पद। | |
| नोट | उपरोक्त पदों पर भर्ती के लिए **<u>नसिंग में उपाधि</u>** प्राप्त अभ्यर्थियों भी विचार किया जा सकता है। ऐसे अभ्यर्थियोंको नियुक्ति के समय **<u>2 अतिरिक्त वेतन वृद्धि</u>** दिए जाने पर विचार किया जा सकता है। |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 30 वर्ष।<br>इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की अवधि की छूट है। |
| वेतन बैंड | ₹ 9300-34800 + **ग्रेड वेतन** ₹ 4600 (**पीबी**-2).<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ ₹ 36,508/- प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, पेशेंट केयर भत्ता, पाली भत्ता, यूनीफॉर्म भत्ता आदि भी देय होगा।)** |
| **चयन का तरीका** | स्क्रीनिंग/वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। |

## <u>वैज्ञानिक सहायक/बी (पुस्तकालय)</u> - "ग्रुप बी, अराजपत्रित"

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | **1(अपिव), ब्रिट, नवी मुंबई के लिए**<br>**1 (अपिव) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना में प्रत्याशित रिक्ति**<br>**(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है।)** |
| <u>योग्यता</u> : एग्रीगेट 60% अंकों के साथ बी.एससी + 60% अंकों के साथ पुस्तकालय विज्ञान में एक वर्षीय डिप्लोमा या 60% अंकों सहित पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक। | |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 30 वर्ष।<br>अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट। इसके अतिरिक्त, इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की अवधि की छूट है। |
| वेतन बैंड | ₹ 9300-34800 + **ग्रेड वेतन** ₹ 4200 (**पीबी**-2).<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ ₹ 28,755/- प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा।)** |
| **चयन का तरीका** | स्क्रीनिंग/वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। |

## फार्मासिस्ट/सी - "ग्रुप बी, अराजपत्रित"

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | 1 (अपिव) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना में प्रत्याशित रिक्ति। **(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है।)** |
| योग्यता : एचएससी (10+2) + फार्मेसी में 2 वर्षीय डिप्लोमा + फार्मेसी में 6 माह का प्रशिक्षण + केन्द्र या राज्य फार्मेसी परिषद में फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकरण। | |
| अनुभव : आवश्यक अर्हता प्राप्त करने के बाद संबंधित क्षेत्र में अनुभव : 9 वर्ष। | |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 30 वर्ष।<br>अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट। इसके अतिरिक्त, इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों (अपिव) के लिए ऊपरी आयु सीमा में 38 वर्ष तक की छूट है। |
| वेतन बैंड | ₹ 9300-34800 + **ग्रेड वेतन** ₹ 4200 (**पीबी**-2).<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ ₹ 28,755/- प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा। )** |
| **चयन का तरीका** | स्क्रीनिंग/वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। |

## आशुलिपिक ग्रेड - ।। - "ग्रुप बी, अराजपत्रित"

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | 2 (अनारक्षित) भापासं, तूतिकोरिन, तमिलनाडु के लिए।<br>1 (अनारक्षित) आरआरसीएटी, इंदौर के लिए।<br>**(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है।)** |
| योग्यता : i) मैट्रिक या समकक्ष<br>ii) अंग्रेजी आशुलिपि में न्यूनतम 100 शब्द प्रति मिनट की गति एवं अंग्रेजी टंकणमें 45 शब्द प्रतिमिनट की गति। | |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 27 वर्ष।<br>इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की अवधि की छूट है। |
| वेतन बैंड | ₹ 9300-34800 + **ग्रेड वेतन** ₹ 4200 (**पीबी**-2).<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ ₹ 28,755/- प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा। )** |
| **चयन का तरीका** | चयन लिखित परीक्षा, आशुलिपि परीक्षा / अंग्रेजी में टंकण परीक्षा (कम्प्यूटर पर) और वैयक्तिक साक्षात्कार। |

## आशुलिपिक ग्रेड - ।।। - "ग्रुप सी, अराजपत्रित"

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | **2** (अपिव-1 एवं अजजा-1), भापाबो (केंन्द्रीय कार्यालय), मुंबई ।<br>1 (अनारक्षित) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना ।<br>1 (अनारक्षित) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना के लिए प्रत्याशित रिक्ति ।<br>**1** (अनारक्षित) भापासं, कोटा, राजस्थान ।<br>**2** (अनारक्षित-1 एवं अपिव-1) भापासं, तूतिकोरिन, तमिलनाडु<br>1 (अनारक्षित) भापासं, तूतिकोरिन, तमिलनाडु के लिए प्रत्याशित रिक्ति ।<br>**4** (अनारक्षित-3 एवं अजा-1) पऊनिप, मुंबई<br>**6** (अपिव-5 एवं अजजा-1) पऊवि सचिवालय, मुंबई<br>**(**तीन पद अस्थि विकलांगों (ओएच) के लिए आरक्षित हैं<br>**(**शारीरिक अक्षमता **40%** से कम नहीं होनी चाहिए**)**<br>3 (अनारक्षित) आरआरसीएटी, इंदौर के लिए ।<br>**(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है । चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों या परमाणु ऊर्जा विभागके तहत किसी भी यूनिट में तैनात किया जा सकता है ।)** |
| **<u>योग्यता</u>** : i) न्यूनतम 50% के साथ मैट्रिक या समकक्ष ।<br>ii) अंग्रेजी आशुलिपि में न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति<br>iii) अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रतिमिनट की गति । | |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 30 वर्ष ।<br>अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियोंके लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष एवं अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष की छूट । इसके अतिरिक्त, इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष । (अनारक्षित के लिए 40 वर्ष, अपिव के लिए 43 वर्ष एवं अजा/अजजा के लिए 45 वर्ष) । |
| वेतन बैंड | ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 2400 (**पीबी**-1)<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ** ₹ 21,108/- **प्रतिमाह । इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा ।)** |
| **चयन का तरीका** | चयन लिखित परीक्षा, आशुलिपि परीक्षा / अंग्रेजी में टंकण परीक्षा (कम्प्यूटर पर) और वैयक्तिक साक्षात्कार । |

## प्रवर श्रेणी लिपिक

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | **2** (अनारक्षित) भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना<br>**1** (अनारक्षित) भापासं, तूतिकोरिन, तमिलनाडु<br>**1** (अजजा) भापासं, कोटा, राजस्थान<br>**2** (अनारक्षित) भापासं, तालचेर, ओडीशा<br>**<u>प्रत्याशित रिक्तियाँ</u>**<br>**2** (अनारक्षित-**1** एवं अपिव-**1**) भापाबो (कें.का.), मुंबई के लिए<br>**3**(अनारक्षित) **–** भापासं (मणुगुरू/तूतिकोरिन/कोटा) प्रत्येक के लिए एक-एक<br>**2** (अनारक्षित-**1** एवं अपिव-**1**) भापासं (तालचेर) के लिए |

| | |
|---|---|
| | **(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों या परमाणु ऊर्जा विभागके तहत किसी भी यूनिट में तैनात किया जा सकता है।)** |
| योग्यता : अग्रीगेट 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से कला, विज्ञान या वाणिज्य में स्नातक उपाधि। | |
| वांछनीय | 1. अंग्रेजी टंकण में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट की गति।<br>2. कम्प्यूटर डाटा संसाधन का ज्ञान। |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 27 वर्ष।<br>अपिव के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष तथा अजजा उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष की छूट है। इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के लिए ( ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवार हेतु, 43 वर्ष अपिव के उम्मीदवार हेतु तथा 45 वर्ष अजजा के उम्मीदवार हेतु।) |
| वेतन बैंड | ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 2400 (**पीबी**-1)<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ ₹ 21,108/- प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा। )** |
| **चयन का तरीका** | चयन लिखित परीक्षा एवं वैयक्तिकसाक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। |

## वाहन चालक (सामान्य ग्रेड)

| | |
|---|---|
| पदों की संख्या | **1** (अपिव) भापासं, तालचेर, ओडीशा<br>**(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है।)** |
| अर्हता : i) एसएससी(मैट्रिक) या समकक्ष उत्तीर्ण<br>ii) भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना चाहिए एवं हल्के/भारी वाहन चलाने का तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। | |
| **आयु सीमा** | 01.08.2015 को अधिकतम 27 वर्ष।<br>अपिव अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट है। इसके अतिरिक्त, इसी क्षेत्र में या संबंधित कैडर में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों (अपिव) के लिए ऊपरी आयु सीमा 43 वर्ष। |
| वेतन बैंड | ₹ 5200-20200 + **ग्रेड वेतन** ₹ 1900 (**पीबी**-1).<br>**(महंगाई भत्ते सहित कुल परिलब्धियाँ ₹ 16,465/- प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा। )** |
| **चयन का तरीका** | चयन स्क्रीनिंग, कौशल/ट्रेड परीक्षा एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। |

# सामान्य निर्देश

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदन केवल **ऑनलाइन** ही स्वीकार किए जाएँगे |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया **www.hwb.gov.in या** hwb.mahaonline.gov.in वेबसाइट देखें। |
| 3. | अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पदों का विवरण तथा नीचे तथा वेबसाईट में भी दिए गए निर्देशों को ध्यान पूर्वक पढ़ लें। |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 01.10..2015 से 15.11.2015 तक उपलब्ध रहेगी। |
| 5. | आवेदन प्रोसेसिंग शुल्क : ₹ 20/- + यथा लागू सेवा कर। **(अजा/अजजा, महिला, भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग व्यक्तियों को आवेदन शुल्क से छूट है )।** |
| | |
| 6. | एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस / समायोजित नहीं किया जाएगा। |
| 7. | जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा तथा प्रत्येक पद के लिए अलग से शुल्क अदा करना होगा। |
| 8. | अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर होना चाहिए। ये नंबर तथा ई-मेल इस भर्ती के जारी रहने के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। भारी पानी बोर्ड स्क्रीनिंग परीक्षा / लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए सिर्फ रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर सूचना / कॉल लैटर प्रेषित करेगा। |
| 9. | इस संबंध में बाद में यदि कोई संशोधन / परिवर्तन होता है तो उसे केवल भारी पानी बोर्ड की वेबसाईट पर ही अधिसूचित किया जाएगा, इस वेबसाईट को अभ्यर्थी नियमित रूप से देखते रहें। |
| 10. | अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र का एक प्रिंट आउट लेना होगा तथा इस पर एक पासपोर्ट आकार की फोटो लगाकर उसे किसी राजपत्रित अधिकारी से साक्ष्यांकित करवाना होगा। |
| 11. | उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। यदि किसी श्रेणी में रिक्तियों की संख्या कम होती है अथवा शून्य भी की जाती है तो इससे अभ्यर्थी को यदि किसी प्रकार की क्षति / हानि होती है तो भारी पानी बोर्ड उसकी क्षतिपूर्ती करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। |
| 12. | स्क्रीनिंग परीक्षा / लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को नीचे दी गई **जाँच सूची** के अनुसार आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी संबंधित दस्तावेजों की साक्ष्यांकित प्रति के साथ ऑनलाईन आवेदन पत्र तथा प्रवेश पत्र का एक प्रिंट आउट लाना होगा। |
| 13. | किसी भी पद के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह निर्धारित अर्हता के मानकों को पूरा करते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि में अभ्यर्थी के पास किसी मान्य विश्वविद्यालय / संस्थान से आवश्यक शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता होनी चाहिए। |
| 14. | विज्ञापन में उल्लिखित अनुभव की अवधि का निर्धारण आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के संदर्भ में किया जाएगा। |
| 15. | विज्ञापन में विहित योग्यताओं के पूरा करने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी स्क्रीनिंग परीक्षा / लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जाता है। |
| 16. | स्क्रीनिंग में छाँटे गए अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। |
| 17. | लिखित परीक्षा /साक्षात्कार **मुंबई** में आयोजित किया जाएगा। |
| 18. | **<u>अतिरिक्त लाभ</u> :**<br>परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी नियमानुसार स्वीकार्य सामान्य वेतन एवं भत्तों के अतिरिक्त निम्नलिखित सुविधाओं के पात्र भी हैं :<br>➢ कार्य करने के लिए जोशीला माहौल जिसमें उच्च अकादमिक शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है<br>➢ पऊवि की योग्यता आधारित पदोन्नति योजना के तहत वैज्ञानिक सहायकों / तकनीशियनों की उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति।<br>➢ स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के लिए पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल।<br>➢ सुनियोजित एवं विशिष्ट टाउनशिप में सुरक्षित आवास।<br>➢ कार्य निष्पादन संबंधित आकर्षक प्रोत्साहन।<br>➢ आकर्षक प्रोफेशन अपडेट एलाउंस तथा छुट्टी यात्रा सुविधा (स्वंय तथा परिवार के लिए)।<br>➢ शिक्षा सुविधा / ट्यूशन फीस आदि की प्रतिपूर्ती।<br>➢ घर, वाहन तथा कंप्यूटर के लिए विभागीय ऋण सुविधा। |

| | |
|---|---|
| 19. | इस विज्ञापन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को आरंभ में भारी पानी बोर्ड, मुंबई अथवा संपूर्ण भारत में स्थापित भारी पानी संयंत्रों में नियुक्त किया जा सकता है तथा वे जनहित में आवश्यकतानुसार परमाणु ऊर्जा विभाग की भारत में स्थित किसी भी संबद्ध इकाई में कार्य करने के लिए उत्तरदायी होंगे । |
| 20. | केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त निकायों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत करना होगा। |
| 21. | भूतपूर्व सैनिकों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी । |
| **"नोट : आयु सीमा में छूट केवल आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत आने वाले पदों के लिए ही स्वीकार्य होगी"।** | |
| 22. | **<u>छूट :</u>**<br>1. 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर, 1989 की अवधि में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग में रहने वाले व्यक्तियों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।<br>**2.** <u>1984</u> के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों / परिवार के सदस्यों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी । उन्हें 1984 के दंगों में प्रभावित होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। |
| 23. | जबकि, अनारक्षित पदों के लिए समुदाय / समूह पर ध्यान दिए बिना सभी अर्हक अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा तथापि, अजा/अजजा/अपिव तथा शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित पदों के लिए संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों पर ही विचार किया जाएगा । इस उद्देश्य के लिए अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को अपनी अक्षमता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । |
| 24. | अपिव के संबंध में, प्रमाण पत्र में विशेष रूप से यह इंगित होना चाहिए किए अभ्यर्थी भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-Estt(SCT) तथा दिनांक 09.03.2004 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt. (Res) एवं दिनांक 14.10.2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-Estt (Res) के संशोधनानुसार वर्णित व्यक्तियों / वर्ग (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है तथा यह प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए और आवेदन करने की तिथि पर कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार व कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा मान्य होना चाहिए । |
| 25. | अजा व अजजा प्रमाणपत्र निर्धारित प्रपत्र में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए तथा जाति / समुदाय संबंधित राज्य के संबंध में राष्ट्रपति आदेश में शामिल होना चाहिए । |
| अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में इसका स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए **(चाहे वे अनारक्षित रिक्ति के लिए आवेदन कर रहे हों)** तथा साक्षात्कार के समय उन्हें निर्धारित प्रपत्र में इसका साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा यदि वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें अनारक्षित अभ्यर्थी के रूप में माना जाएगा बाद में समुदाय स्टेटस बदलने के लिए उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा । | |
| 26. | अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को अपना जाति प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार रोजगार में लागू निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। यह प्रपत्र भारी पानी बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है । स्क्रीनिंग परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । |
| 27. | **<u>यात्रा भत्ता</u>** :<br>अजा / अजजा के बाहरी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / साक्षात्कार हेतु आने जाने के लिए लघुतम मार्ग अथवा वास्तविक अदा किराए में से जो भी कम हो, के आधार पर, द्वितीय श्रेणी (सामान्य श्रेणी) के रेल किराए के पात्र होंगे, टिकट / टिकट क्रमांक आदि प्रस्तुत करने पर ही उन्हें यह किराया दिया जाएगा ।<br>**<u>परंतु, यात्रा भत्ता उन अजा/अजजा के अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य नहीं है जो पहले से ही केन्द्रीय / राज्य सरकार, केन्द्रीय/राज्य सरकार कॉरपोरेशन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय सरकारी संस्थान तथा पंचायतों में सेवारत हैं।</u>**☐यदि लिखित परीक्षा ऑनलाईन आयोजित की जाती है तो इसके लिए यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा । |
| 28. | नियुक्त किए जाने वाले अभ्यर्थी नई अंशदायी पेंशन स्कीम के तहत शासित होंगे। |
| 29. | उपरोक्त श्रेणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रकृति में देश के विभिन्न भागों में स्थापित प्रचालन संयंत्रों में राउण्ड-द-क्लॉक शिफ्ट ड्यूटी में कार्य करना शामिल हो सकता है। |
| 30. | **परिवीक्षा :** चयनित व्यक्ति को नियमानुसार परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा। |
| 31. | यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पद के लिए उपयुक्त नहीं है, तो भापाबो को यह अधिकार होगा कि वह भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आवेदन को निरस्त कर सके । अभ्यर्थी की उपयुक्तता का निर्धारण करने में भापाबो का निर्णय अंतिम होगा । केवल इस बात को मानकर कि अभ्यर्थी को बुलावा-पत्र जारी कर दिया गया है और स्क्रीनिंग परीक्षा/लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है, तो अभ्यर्थी को यह नहीं मानना चाहिए कि उसकी अभ्यर्थिता कों अंतिम रूप दे दिया गया है या अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन में दी गई सूचना को सही और उपयुक्त मान लिया गया है । |

| | |
|---|---|
| 32. | **जाँच सूची (साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियाँ)**<br>शॉर्टलिस्ट किए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट के साथ निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी :<br><br>a. शैक्षणिक योग्यता तथा तकनीकी योग्यता (उपयुक्त अंकतालिकाओं के साथ जिसमें परीक्षा के विषयों का उल्लेख हो)<br>b. जन्म तिथि / आयु का प्रमाण ।<br>c. विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में जारी अजा/अजजा/अपिव का प्रमाण पत्र ।<br>d. शारीरिक अशक्तता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी अशक्तता प्रमाण पत्र ।<br>e. कश्मीर प्रभाग में दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान मूल निवास प्रमाण पत्र (यदि कश्मीर प्रभाग के लिए आयु सीमा में छूट का दावा किया गया हो)<br>f. इस आशय का प्रमाण पत्र कि वे 1984 के दंगा प्रभावित हैं ।<br>g. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र । |

## आवेदन कैसे करें

अभ्यर्थियों को वेबसाइट www.hwb.gov.in या hwb.mahaonline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा । अन्य किसी तरीके से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख की राह न देखते हुए समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें ।
2. ऑनलाइन आवेदन करते समय उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर स्क्रीनिंग परीक्षा/ लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/साक्षात्कार के लिए सूचिबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को भापाबो द्वारा मांग किए जाने पर आवेदन में किए गए दावे के समर्थन में दस्तावेजों/संबंधित प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी ।
3. किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें :

हेल्पडेस्क:(022) 2548 6409

ई.मेल : apor@mum.hwb.gov.in या rect@mum.hwb.gov.in

4. आवेदन प्रपत्र के साथ उपलोड किए जाने वाले दस्तावेज ।

**क) अभ्यर्थी का नीवनतम पासपोर्ट आकार का फोटो (अधिकतम–50 केबी) (ऊँचाई X चौड़ाई = 4.5 X 3.5 से.मी.).**
**ख) अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (अधिकतम–50 केबी) (ऊँचाई X चौड़ाई = 4.5 X 3.5 Cms.).**

**नोट :**

(i) ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने में किसी भी प्रकार की असंगति के लिए भारी पानी बोर्ड (भापाबो) उत्तरदायी नहीं होगा । अत: आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्देशों एवं यूजर गाइड का कड़ाई से पालन करें ।

(ii) आवेदन प्रपत्र में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया गए विवरण को अंतिम माना जाएगा और आवेदन की अगली प्रक्रिया इन्हीं विवरणों के आधार पर की जाएगी ।

(iii) आवेदन प्रपत्र अपलोड/प्रस्तुत करने से पहले अभ्यर्थी को सतर्कता बरतनी होगी और पद के लिए आवेदन करने की अपनी पात्रता सुनिश्चित करनी होगी । आवेदन प्रपत्र का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए ।

**(iv) चयनित न किए गए अभ्यर्थियों का रिकार्ड चयन सूची जारी होने की तारीख से छ: माह तक ही रखा जाएगा ।**

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 15.11.2015 को 1500 बजे तक। इस अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

## <u>चेतावनी</u>

स्क्रीनिंग परीक्षा/लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत सूचना के आधार पर ही शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये सभी सूचनाएँ सत्य हैं। यदि बाद में किसी भी स्तर पर अथवा साक्षात्कार के समय उनके ऑनलाईन आवेदन में दी गई सूचनाओं में से कोई भी सूचना अथवा दावा गलत पाया जाता है तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी साथ ही वे किसी भी अन्य उपयुक्त कार्रवाई के पात्र भी होंगे।

**<u>किसी भी प्रकार का प्रचार करने से अभ्यर्थी को अयोग्य करार कर दिया जाएगा</u>**

*****